/font>

Title: Need to clear the proposal for repair of National Highway No.7 in Rewa region.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की सीमा से लगे राट्रीय राजमार्ग संख्या 7 के रीवा संभाग में पड़ने वाले हिस्से की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इस पर आवागमन अवरुद्ध होने की पूरी संभावना है। इसके कि.मी. 141 / 6 से 223 तक की स्थिति सुधारने के लिए 6 प्राक्कलन भूतल परिवहन मंत्रालय को भेजे जा चुके हैं। किंतु अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है।

मेरा भूतल परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त लम्बित प्रस्तावों को अविलम्ब स्वीकृति प्रदान करें ताकि यातायात सुचारू और सुरक्षित हो सके।